Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

वर्ष-३० अंक-२२ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो १६ - ३० नवम्बर २०२१ पृष्ठ ०८ मूल्य:१० रु.मात्र (रंगीन सहित)




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ०५ नवंबर, २०२१ को उत्तराखंड के केदारनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए।

## देश को समय-सीमा और लक्ष्यों को लेकर भयभीत रहना मंजूर नहीं है- पीएम मोदी

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। केदारनाथ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने श्री आदिशंकराचार्य समाधि का उद्घाटन किया और श्री आदिशंकराचार्य की प्रतिमा का अनावरण किया। दिनांक ०५.११.२०२१ को उन्होंने पूरे हो चुके और अभी जारी अवसंरचना से जुड़े कार्यों की समीक्षा की और इनका निरीक्षण भी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि बाबा केदारनाथ की शरण में उन्हें ऐसी ही अनुभूति होती है। उन्होंने अपनी निजी भावना प्रकट करते हुये कहा कि उन्हें यहां की सेवा करने का आशीर्वाद है और इसी आशीर्वाद ने पहले भी उनके जीवन को दिशा दी है। उन्होंने धाम में विकास कार्यों के लिये अथक परिश्रम करने पर सभी कामगारों, पुजारियों, रावल परिवार के पुरोहितों, अधिकारियों और मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिये। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि अब हमारी सांस्कृतिक विरासत को, आस्था के केंद्रों को उसी गौरवमय भाव से देखा जा रहा है, जैसा उसे देखा जाना चाहिये। मोदी ने कहा, आज अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर पूरे गौरव के साथ बन रहा है। अयोध्या को उसका गौरव वापस मिल रहा है। आज हम यह कल्पना कर सकते हैं कि भारत का प्राचीन सांस्कृतिक स्वरूप कैसा रहा होगा।

## पूर्वांचल ही यूपी की जीत करेगा सुनिश्चित-अमित शाह



रे.स.ब्यू./सूत्र. वाराणसी। वाराणसी में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कमजोर विपक्ष के खिलाफ हम ३५ साल तक सत्ता में रहकर देशसेवा करेंगे। शुक्रवार दिनांक १२.११.२०२१ को उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास योजनाओ का अभाव है। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्वांचल ही यूपी की जीत सुनिश्चित करेगा। जनसामान्य ने हमें स्वीकार किया है। बेहतर कार्ययोजना, मजबूत संगठन व प्रबंधन की बदौलत हम २०२२ के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करेंगे। अमित शाह ने हस्तकला संकुल में भाजपा के जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी और सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारियों की बैठक को संबोधित करते हुए साफ किया कि किसी भी विधानसभा प्रभारी और संगठन से जुड़े लोगों को आगामी चुनाव में टिकट नही मिलेगा। अगर कोई संशय हो तो अभी बता सकते हैं। उन्होंने कहा, जनता के बीच संदेश जाना चाहिए कि हम केवल सरकार बनाने नहीं आए हैं। हम भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए सत्ता की लड़ाई लड़ रहे हैं। अमित शाह ने मिशन ३०० प्लस का प्लान बताया और कहा कि हमारा संगठन मजबूत है, हम इस लक्ष्य को पार करेंगे।

बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की बदौलत भाजपा २०२२ में विधानसभा चुनाव जीतेगी और पार्टी कार्यकर्ता इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। भारत में आजादी के आंदोलन में हिंदी भाषा की उपयोगिता को देखते हुए संविधान सभा ने हिंदी को भारत की राजभाषा घोषित किया। हिंदी को इसलिए भी राजभाषा के रूप में चुना गया कि आठवीं अनुसूची में जो भाषाएं थीं वह सभी देवनागरी में लिखी जा सकती थीं।

## भारतीय रेल ने पीपीपी पहल के तहत आर्ट गैलरी की विकसित



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। अब "स्टैच्यू ऑफ यूनिटी" देखने हेतु आने वाले पर्यटक केवड़िया स्टेशन पर ही गुजरात के समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास से परिचित हो सकते हैं। "स्टैच्यू ऑफ यूनिटी" के निकट एक और पर्यटक आकर्षण विकसित करने के क्रम में, पश्चिम रेलवे के वडोदरा डिवीजन ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) पहल के तहत केवड़िया रेलवे स्टेशन पर स्मारिका दुकान सहित एक आर्ट गैलरी विकसित करने के लिए एक अनुबंध किया है। यह भारतीय रेल में अपनी तरह का पहला अनुबंध है। पीपीपी मॉडल के लाभों के विवरण सहित आर्ट गैलरी गुजरात तथा भारत के कला एवं शिल्प के विभिन्न रूपों को प्रदर्शित करेगी और रेलवे को २४.७ लाख रुपए अर्जित करने और २.८३ करोड़ रुपए के संभावित राजस्व के साथ निजी पक्षों द्वारा विकसित और संचालित की जाएगी। यह अवधारणा न केवल केवड़िया आने वाले लोगों के अनुभव को समृद्ध करेगी, बल्कि सामाजिक मोर्चे पर, यह अनूठी अवधारणा नर्मदा जिले के स्थानीय जनजाति के लोगों को उनकी जनजातीय कला को बढ़ावा देने का अवसर देकर रोजगार भी प्रदान करेगी।

## अनुकंपा नियुक्ति में विवाहित व दत्तक पुत्रियां भी हैं हकदार-सीएम योगी



रे.स.ब्यू./सूत्र। विवाहित व दत्तक बेटियों को भी पात्र माने जाने के लिए उत्तर प्रदेश शासन ने अनुकंपा नियुक्ति में कुटुंब की परिभाषा में बदलाव संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है। इससे कोविड काल में मृतक सरकारी सेवकों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति मिलने की राह खुल गई है। सेवाकाल में सरकारी कर्मियों की मृत्यु पर अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण में कुटुंब की परिभाषा में पत्नी, पति, पुत्र, दत्तक पुत्र, अविवाहित पुत्रियां, अविवाहित दत्तक पुत्रियां, विधवा पुत्रियां व विधवा पुत्र वधुएं पहले से शामिल हैं। लेकिन, विभिन्न परिस्थितियों में विवाहित पुत्रियों व विवाहित दत्तक पुत्रियों को भी इसमें शामिल किए जाने की मांग हो रही थी। अपर मुख्य सचिव का मक डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने शुक्रवार दिनांक १२.११.२०२१ को यूपी सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली, २०२१ की अधिसूचना जारी कर दी है। इसमें पुत्रियों व दत्तक पुत्रियों को भी शामिल कर लिया गया है।

# भाषा जितनी सशक्त और समृद्ध होगी, संस्कृति और सभ्यता उतनी ही विस्तृत-अमित शाह



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने वाराणसी में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का शुभारंभ किया। सम्मेलन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री के साथ राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश, उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ, केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, अजय कुमार मिश्रा, निशिथ प्रमाणिक और सांसदगण और सचिव राजभाषा सहित देशभर के विद्वानगण शामिल हुए। दो दिवसीय राजभाषा सम्मेलन के दौरान दिनांक १३.११.२०२१ को अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि उनके लिए ये बेहद हर्ष का विषय है कि आज़ादी के अमृत महोत्सव के वर्ष में पहली बार राजभाषा सम्मेलन राजधानी के बाहर लाने में सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकारी परिपत्र, अधिसूचना तब तक लोकभोग्य नहीं होती है जब तक वो जन आंदोलन में परिवर्तित नहीं होती है। राजभाषा को गति देने के लिए अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन को दिल्ली के गलियारों से बाहर ले जाने का निर्णय २०१६ में ही कर लिया गया था और ये नई शुरूआत उस वर्ष में हो रही है जो हमारी आज़ादी का अमृत महोत्सव वर्ष है। अमित शाह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा कि अमृत महोत्सव हमारे पुरखों द्वारा आज़ादी के लिए दिए गए बलिदानों, संघर्षो को स्मृति में पुनर्जिवित करके युवा पीढ़ी को प्रेरणा देने का मौका तो है ही, ये हमारे लिए संकल्प का भी वर्ष है। इसी वर्ष में १३० करोड़ भारतीयों को ये तय करना है कि जब देश की आज़ादी के १०० साल होंगे तो भारत कैसा होगा और हर क्षेत्र में कहां खड़ा होगा। ७५वें साल से १०० साल तक का काल अमृत काल होगा और ये अमृत काल हमारे सभी लक्ष्यों की सिद्धि का माध्यम होगा। अमित शाह ने कहा कि ये एक आनंद का विषय है जब हमने राजभाषा सम्मेलन को दिल्ली से बाहर आयोजित करने का निर्णय लिया तो पहला सम्मेलन काशी में हो रहा है। विश्व का सबसे पुराना नगर, बाबा विश्वनाथ का धाम है, मां गंगा का सानिध्य है और मां सरस्वती की उपासना करने वालों के लिए काशी हमेशा स्वर्ग रहा है।

भाषा और व्याकरण की उपासना करने वालों के लिए काशी हमेशा गंतव्य स्थान रहा है। आज़ादी के अमृत महोत्सव में संकल्प लेने के लिए हम सब यहां हैं कि आज़ादी के अमृत काल में जब सौ वर्ष होंगे तब स्वभाषा का लक्ष्य भी हम पूर्ण करेंगे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि हम तुलसीदास को कैसे भूल सकते हैं, अगर उन्होंने अवधी में रामचरितमानस ना लिखा होता तो शायद आज रामायण लुप्त हो गया होता।

तुलसीदास ने यहाँ रामायण के अर्थ को आगे बढ़ाने का काम किया और उन्हीं से अवधी और हिंदी की बोलियों को लोकप्रिय बनाने की शुरुआत हुई।

# सलामान खुर्शीद ने हिंदुओं का किया अपमान-केशव प्रसाद मौर्य

रे.स.ब्यू./सूत्र. वाराणसी। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सलमान खुर्शीद की किताब पर नाराजगी जताई। केशव प्रसाद मौर्य वाराणसी में भाजपा की बैठक में शामिल होने आए थे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने हिंदुओं का अपमान किया है। डिप्टी सीएम ने कहा कि वह तत्काल इस किताब, जिसके द्वारा हिंदू संगठनों और हिंदू समाज का अपमान किया गया है, उस अंश को वापस लें।

जबकि सोनिया गांधी, जनेऊ धारी बनने वाले राहुल गांधी और पुजारिन बनीं प्रियंका गांधी के दिल में भगवान की असली भक्ति है या नकली भक्ति, लेकिन इन तीनों लोगों का को बयान मैंने नहीं देखा है। इनका खामोश रहना ठीक नहीं है।

# रेलवे पर संसद की स्थायी समिति के सांसद सदस्यों के साथ महाप्रबंधक की बैठक आयोजित



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में रेलवे पर संसद की स्थायी समिति के सदस्यों जिनका कार्यक्षेत्र उ.म.रे. परिक्षेत्र में पड़ता है उनके साथ बैठक का आयोजन दिनांक ०६. ११.२०२१ को सम्पन्न हुआ। बैठक में सांसद फूलपुर केसरी देवी पटेल, ने अपने निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित विभिन्न मुद्दों को उठाया। उन्होंने पूर्व में बंद किए उत्तर रेलवे के दयालपुर स्टेशन को फिर से खोलने को कहा। जिस पर महाप्रबंधक ने उन्हें आश्वासन दिया कि आवश्यक कार्रवाई के लिए उत्तर रेलवे को मांग से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने ऐसे मार्गो पर एलएचएस कार्यो को पूरा करने का मुद्दा भी उठाया जहां दोहरीकरण का काम पहले ही पूरा हो चुका है। उन्होंने लखनऊ के लिए शताब्दी जैसी सुपरफास्ट ट्रेन चलाने की भी मांग की। सांसद ने यह भी बताया कि कुछ स्टेशनों पर अनधिकृत वेंडिंग की शिकायतें प्राप्त हुई हैं इन पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। मुकेश राजपूत सांसद, फर्रुखाबाद ने कालिंदी एक्सप्रेस के नीबकारोरी स्टेशन पर ठहराव की मांग की। उन्होंने फर्रुखाबाद की नई दिल्ली से बेहतर कनेक्टिविटी की भी मांग की। राजपूत ने मैनपुरी के रास्ते फर्रुखाबाद से इटावा के लिए नई ट्रेन की भी मांग की। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने सांसदों को अवगत कराया कि, "कोविड-१६ वैश्विक महामारी से सम्पूर्ण विश्व ग्रसित था पर इस त्रासदी में भी उत्तर मध्य रेलवे द्वारा केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के कोविड गाइड लाईन का पालन करते हुये रेल कर्मचारियो द्वारा अपनी जान की परवाह न करते हुए भी रेल यात्रियो को यथा संभव सुविधाए प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि, जिस वक़्त सामान्य यात्रियो के लिए सभी गड़िया बंद कर दी गई थी उस वक़्त श्रमिकों तथा किसानो को उनके गंतव्य तक पहुचाने के लिए उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल द्वारा १२८३ श्रमिक स्पेशल गाड़ियों का संचालन किया गया जिसमें लगभग १३ लाख यात्रियों को खान-पान की सुविधाये प्रदान की गई। कोविड-१६ वैश्विक महामारी के प्रसार को रोकने के लिए उत्तर मध्य रेलवे के द्वारा महत्वपूर्ण स्टेशनों के प्रवेश एवं निकास द्वार पर यात्रियों की शत-प्रतिशत थर्मल स्कैनिंग को सुनिश्चित किया गया तथा हैण्ड सैनिटाइजर मशीन, मास्क डिटेक्टर, बैग सैनिटाइजर मशीन एवं कोविड प्रीकाशन किओस्क आदि लगाये गये। इसी क्रम मे यात्रियो तथा स्टाफ की कोरोना से बचाव हेतु प्रयागराज स्टेशन पर बवदजंबज समे टिकिट चेकिंग की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई जो की भारतीय रेल मे अनूठा और पहला प्रयोग था। उत्तर मध्य रेलवे के बड़े स्टेशनो पर कोरोना की RT&PCR एवं antigen जांच की व्यवस्था, जिला प्रशासन के समन्वय से की गई ,तत्पश्चात वित्तीय वर्ष २०२१-२०२२ में भी उत्तर मध्य रेलवे उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। यह क्षेत्रीय रेलवे, रेलवे बोर्ड के द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को बेहतर ढंग से प्राप्त करते हुए प्रगति पथ पर अग्रसर है। महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में यात्री सुविधाओं, सुरक्षा,सफाई व्यवस्था आदि पहलुओ के बारे में विस्तार से बताया। उत्तर मध्य रेलवे के अर्जन के संबंध में बोलते हुए प्रमोद हमार ने बताया कि, वर्तमान वित्तीय वर्ष मे सितम्बर माह तक इस रेलवे ने लगभग सवा दो करोड़ यात्रियो का परिवहन करते हुए ७५८ करोड़ रुपये की आय अर्जित की है यह पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना मे ४४३ अधिक है। महाप्रबंधक ने उत्तर मध्य रेलवे द्वारा भारतीय रेल में पहली बार एसी ३ टियर इकॉनोमी कोच के संचालन के विषय में भी जानकारी प्रदान की। बैठक के अंत में प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एम.एन. ओझा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में कार्यवाही का संचालन उप महाप्रबंधक/जी मन्नू प्रकाश दुबे ने किया।

# Chairman Railway Board & CEO visits Southern Railway and holds review meeting




Source:CPRO/SR: Chairman Railway Board & Chief Executive Officer,Suneet Sharma, Ministry of Railways visited Southern Railway on 6th of November 2021. He chaired a review meeting at Southern Railway Headquarters with B.G.Mallya, General Manager (In-charge), Principal Heads of Departments of Southern Railway and DRM, Chennai Division. DRMs of the other five Divisions, namely, Salem, Madurai, Tiruchchira-ppalli, Palakkad and Thiru-vananthapuram joined the review meeting virtually.

A presentation was made to the Chairman regarding the various developments and achievements of Southern Railway in the recent past. The Chairman, in his address, lauded the efforts of Southern Railway and exhorted officers to focus on safety and employees' welfare. Earlier, Suneet Sharma inspected the new PRS Data Centre at Chennai Moore Market Complex commi-ssioned at a cost of Rs.14.31 Crore granted by Railway Board. During his inspec-tion, J.Vinayan, Chief Commercial Manager (PM) explained the functioning of Portable Unreserved Ticketing System (P-UTS) developed by Southern Railway which will ease the issue of unreserved tickets at halt stations, remote locations, at melas and large congre-gations.

This P-UTS system is presently under off-field trial in Southern Railway with the approval of Railway Board. Suneet Sharma also inspected PASUMAI 3.0, the Dual mode Locomotive at Dr MGR Chennai Central that was inducted into service recently. The Chairman lauded the eco-friendly, cost-effective initiative of the zone in launching PASUMAI series of locomotives.

# सूचना अधिकार अधिनियम पर संगोष्ठी आयोजित

रे.स.ब्यू./सूत्र। सूचना अधिकार अधिनियम-२००५ पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में दिनांक: ०२.११.२१ को एक संगोष्ठी आयोजित की गयी। उक्त संगोष्ठी में मंडल रेल प्रबंधक आशुतोष की अध्यक्षता में जन सूचना अधिकार अधिनियम से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा विशेष तौर पर बताया गया की उक्त अधिनियम के अंतर्गत किस प्रकार की सूचना देय है व् किस प्रकार की नही। इसके अतिरिक्त माननीय न्यायालय द्वारा समय-समय पर जनसूचना अधिकार अधिनियम पर निर्णयों का उदाहरण देते हुए इस विषय पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। इस दौरान सम्बंधित विषय पर सभी प्रकार की शंकाओं व् सूचनाओं पर आधारित एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी द्वारा विस्तृत रूप से जानकारी व समाधान प्रस्तुत किये गए।

# कोर मे हुआ टिफिन कक्ष का उद्घाटन



रे.स.ब्यू./सूत्र।रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन कोर, प्रयागराज की अध्यक्षा रचना सिंह द्वारा दिनांक ०३.११.२०२१ को कोर कार्यालय में महिला कर्मचारियों के लिए टिफिन कक्ष का उद्घाटन किया गया एवं टिफिन कक्ष के लिए डाइनिंग टेबल, माइक्रो ओवेन एवं अल्मीरा भी टिफिन कक्ष में प्रदान किया गया।

इस अवसर पर संगठन की अध्यक्षा रचना सिंह सहित संगठन की अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थी।

# प्रयागराज मंडल में फ्लाई ऐश की हुई लोडिंग

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। प्रयागराज मण्डल द्वारा माललदान वृद्धि के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों के फलस्वरूप प्रयागराज मण्डल में पी.पी.जी.एस(प्रयागराज पॉवर जनरेशन कंपनी साइडिंग),बेवरा साइडिंग से फ्लाई ऐश की लोडिंग दिनांक ०८.११.२०२१ को की गयी, जिसमे कुल ६.५२ लाख रूपए राजस्व की प्राप्ति हुई। प्रयागराज मंडल में फ्लाई ऐश की प्रथम बार लोडिंग की गयी है। इसी क्रम में प्रयागराज मंडल ने माल लदान के क्षेत्र में अप्रैल से अक्टूबर २०२१-२०२२ में लगभग ३२८.४० करोड़ रुपये राजस्व अर्जित किया, यह पिछले वित्तीय वर्ष २०२०-२०२१ की समान अवधि में अर्जित २२६.०५ करोड़ रुपये की तुलना में ४३.३८ अधिक है। इसी के साथ साथ पार्सल के क्षेत्र में प्रयागराज मंडल का प्रदर्शन काफी उत्साहजनक रहा है और पार्सल से अक्टूबर माह में लगभग १.५७ करोड़ रुपये अर्जित किये यह पिछले वित्तीय वर्ष २०२०-२०२१ की समान अवधि में अर्जित ६६ लाख रुपये की तुलना में ६३ अधिक है। प्रयागराज मंडल ने पार्सल लदान से अप्रैल से अक्टूबर २०२१-२०२२ में लगभग ७.०३ करोड़ रुपये अर्जित किये यह पिछले वित्तीय वर्ष २०२०-२०२१ की समान अवधि में अर्जित ३.८७ करोड़ रुपये की तुलना में ८१.५७ अधिक है।

# प्रयागराज में संरक्षा सेमिनार आयोजित



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के सबसे व्यस्ततम एवं अति महत्वपूर्ण मण्डलों में से एक प्रयागराज मण्डल महत्वपूर्ण अंग के रूप में अपना विशिष्ट योगदान देती आ रही है। सुचारू रूप एवं दुर्घटना रहित रेल परिचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य प्रयागराज मण्डल के संरक्षा विभाग द्वारा रेलकर्मियों को भी विभिन्न अभियानों के माध्यम से निरंतर जागरुक किया जाता है। इसी क्रम में दिनांक ०६.११.२०२१.को प्रयागराज ट्रिप-शेड के लोको पायलट क्लास रूम में २० कर्मचारियों एवं ०२ मुख्य लोको निरीक्षक को संरक्षा सलाहकार चंद्रिका प्रसाद द्वारा (१)Accident होने पर ART और ARMV का संचालन तथा हूटर कोड। (२)All Right Signal का महत्व एवं न दिखानेपर कार्यवाही।

(३)Engine/Train में आग लगने पर कार्यवाही।(४)शंटिंग के दौरान वरती जाने वाली सावधानियाँ एवं काशन का पालन। SPAD का कारण एवं बचने का तरीका। (६) कोहरे के मौसम में गाड़ियों का संरक्षित संचालन,विषयों पर संरक्षा- बैठक/Counseling किया गया। इस दौरान संरक्षा बैठक मे मुख्य लोको निरीक्षक गोविन्द प्रसाद एवं जनार्दन प्रसाद भी उपस्थित थे।

# महाप्रबंधक अनुपम शर्मा ने छठ महापर्व पर तैयारियों का लिया जायजा

रे.स.ब्यू./सूत्र। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा द्वारा वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से पूर्व मध्य रेल के विभागाध्यक्षों तथा दानापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, धनबाद, सोनपुर एवं समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधकों के साथ समीक्षा बैठक में छठ महापर्व के अवसर पर दिनांक ०७.११.२०२१ को पूर्व मध्य रेल की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में महाप्रबंधक ने छठ महापर्व के दौरान ट्रेनों/स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन, यात्री सुविधा/सुरक्षा, आवश्यकतानुसार अतिरिक्त फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन के परिचालन तथा इससे जुड़े अन्य तैयारियों की गहन समीक्षा की एवं दिशा-निर्देश जारी किया। महाप्रबंधक ने कहा कि यात्रियों की अतिरिक्त संख्या को देखते हुए स्टेशनों पर तथा ट्रेनों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। साथ ही राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी) और रेल सुरक्षा बल के बीच समन्वय स्थापित करके भीड़ प्रबंधन के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। उन्होंने कहा कि रेलवे ट्रैक के निकट स्थित तालाबों के आस-पास अतिरिक्त सावधानी बरती जाए। महाप्रबंधक ने कहा कि रेल सुरक्षा बल द्वारा ऐसे सभी उपाय किए जाएं जिससे कोई भी यात्री नशाखुरानी का शिकार नहीं हों।

**सम्पादकीय**

## संदेश:छठ पर्व का

इस संसार में अपनी तरह का छठ अकेला ऐसा लोकपर्व है, जो अपनी व्यंजना में बहुआयामी है। वहीं इस दिन घाट पर कोई भेद नहीं रहता,न जाति, न धर्म, न गरीब, न अमीर। सारे लोगों का लक्ष्य एक ही होता है। सूर्य इस त्योहार का केंद्र हैं। अतः सूर्य के प्रति आभार प्रदर्शन के लिए छठ या सूर्य शष्ठी व्रत मनाया जाता है, तो कोई आश्चर्य नहीं।

सूर्य उन क्षेत्रों के लिए सबसे उपयोगी देव हैं, जहां पानी की उपलब्धता ज्यादा है। अतः छठ में पहले डूबते और फिर अगले दिन उगते सूर्य की पूजा स्वाभाविक है। व्रत करने वाला जब भगवान दिनकर से ताप मांगने या आभार जताने घर से निकलता है, तो किसी तालाब, नदी के तट पर ही जाता है। निरोग रहने के लिए भी सूर्य की बड़ी जरूरत है। सूर्य रोगनाशक शक्ति हैं। अक्सर लोग छठ महापर्व के समय स्वास्थ्य को लेकर भी प्रार्थना करते हैं। वो दिन याद कीजिए जब कोरोना का उभार हुआ था, तब लोग आश्वस्त थे कि एक बार सूर्य की तपन बढ़ेगी, तो कोरोना वायरस नष्ट हो जाएगा। यह भ्रम ही सूर्य के प्रति हमारी आशा का ही फल था। पिछली बार छठ का आयोजन भी कोरोना से प्रभावित हुआ था, लेकिन इस बार घाटों पर रौनक लौट आई थी। ऐसे सूर्य की पूजा का व्रत छठ आधुनिक रूप से भी उपयोगी है। छठ का एक संकल्प देखिए, हे सूर्य देव, आपने अन्न, सब्जियां, फल, फूल, जल, दूध दिए, आपने जो भी दिया, हम वे सब आपको अर्पित कर रहे हैं, आप हम पर आगे भी कृपा बनाए रखें।

छठ सदियों से स्वच्छता-पवित्रता का संदेश देने वाला पर्व है। अगर इसके इस पक्ष को भी हम ठीक से समझ लें, तो हमारा जीवन सुखमय हो सकता है। छठ हमें मितव्ययिता की भी शिक्षा देता है, जिसकी आज बहुत जरूरत है।

# मूलभूत सुविधाओं को व्यवस्थित करने के लिए योगी सरकार कृत संकल्पित है- सिद्धार्थ नाथ सिंह




साभार: जनता की मूलभूत सुविधाओं को व्यवस्थित कराना योगी सरकार कृत संकल्पित है यह उदगार उत्तर प्रदेश सरकार के प्रवक्ता व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने राजरूपपुर, कालिंदी- पुरम और झलवा में नगर निगम प्रयागराज द्वारा निर्मित ४ करोड़ ५६ लाख रुपए की बीस सड़क व इंटरलाकिंग मार्ग,नाली, तथा देवप्रयागम पार्क की बाउंड्री के लोकार्पण के अवसर पर दिनांक १०.११.२०२१ को व्यक्त किया। लोकार्पण के अवसर पर सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि जनता के बीच सरकार की मूलभूत सुविधाएं व स्वच्छता आदि व्यवस्थाएं लगातार सुदृढ़ कर रही है। लेकिन जब सर्वसमाज का सहयोग रहता है।

समाज के सहयोग के बिना जनाकांक्षाओं के हितों में सरकार कार्य नहीं कर सकती है। २०१७ से पहले राजरूपपुर, कालिंदीपुरम और झलवा के कई मोहल्लें के कालोनियों की गलियों में चलना और निकलना दुश्कर था। उन मार्गो में बड़े-बड़े गड्ढों और गंदे पानी बहा करते थे। लोग कहते थे अभी तक हमारी गली कच्ची है,टूट गयी है। कई नागरिकों ने हमें बताया कि कई बार प्रयास भी किये। परन्तु बजट कम होने का हवाला देकर कभी भी इस गली का निर्माण नहीं कराया गया।

प्रयागराज महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने भी कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह के साथ विधिविधान के साथ पूजाअर्चन व नारियल फोड़कर वार्ड नं ४५ से तीन सड़क- बैक आफ बड़ौदा, कसारी मसारी, टेलीफोन एक्सचेंज, वार्ड नं ४४ से १५ सड़कें दिलीप चौरसिया रोड, कौशांबी कुंज,पावर हाउस रोड,द्वारिका फेज वन एंड टू, जानकी कुंज आदि सहित झलवा देवप्रयागम में पार्क की बाउंड्रीवाल लोकार्पण सम्पन्न कराया।

इस मौके पर चीफ इंजीनियर सतीश कुमार,अभियंता ए के सिंह, अवर अभियंता विश्वकर्मा,पार्शदगण अखिलेश सिंह, मिथलेश सिंह, रोचक दरबारी, राजेश कुशवाहा, अनूप मिश्रा, शिवप्रसाद भारतीय, रोमा भारतीया, विजय मेलहोत्रा आदि उपस्थित रहे।

# झांसी मण्डल मे हुआ लोकेशन बुक २०२१-२२ का विमोचन



रे.स.ब्यू./सूत्र,झांसी। मंडल रेल प्रबंधक, झांसी आशुतोष द्वारा सिगनल लोकेशन बुक २०२१-२२ का विमोचन दिनांक ०६.११.२१ को किया गया एवं इसके साथ ही ०८ प्रकार के स्टीकर एवं लीफलेट भी जारी किए गये। सिगनल लोकेशन बुक एवं स्टीकर/लीफलेट कोहरे के मौसम में लोको पायलट एवं सहा. लोको पायलट को संरक्षित ट्रेन संचालन हेतु उपलब्ध करायी जाती है। यह सिग्नल लोकेशन बुक एवं स्टीकर/लीफलेट संरक्षित ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने हेतु मार्गदर्शक का कार्य करती है। इनमें संरक्षित गाड़ी संचालन के लिए आवश्यक नियम एवं जानकारी उपलब्ध रहती है। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबन्धक (परिचालन) दिनेश वर्मा, वरि. मंडल विद्युत इन्जीनियर (परिचालन) योगेश कुमार सिंह, मुख्य लोको निरीक्षक (मुख्यालय) एम के एस कुशवाह एवं मुख्य क्रू नियंत्रक ऐ के दीक्षित उपस्थित रहे।

# सूबेदारगंज स्टेशन पर संरक्षा सेमिनार आयोजित



रे.स.ब्यू./सूत्र, प्रयागराज। रेलयात्रियों को संरक्षित,समयबद्ध रेल यात्रा उपलब्ध कराने हेतु प्रयागराज मण्डल सदैव तत्पर है। भारतीय रेलवे और उत्तर मध्य रेलवे के सबसे व्यस्ततम एवं अति महत्वपूर्ण मण्डलों में से एक प्रयागराज मण्डल एक महत्वपूर्ण अंग के रूप में अपना विशिष्ट योगदान देती आ रही है। सुचारू रूप एवं दुर्घटना रहित रेल परिचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य प्रयागराज मण्डल के संरक्षा विभाग द्वारा दिनांक ०६.११.२०२१.को सूबेदारगंज स्टेशन पर लगभग १७ कर्मचारियों को आल राइट सिगनल का उद्देश्य एवं आदान-प्रदान करना, गाड़ियों को संरक्षित करना,शंटिग के दौरान वरती जाने वाली सावधानिया विषयो पर शंटिग -मेला/सेमिनार किया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों के साथ-साथ सेफ्टी सेमिनार में संरक्षा-सलाहकार चंद्रिका प्रसाद/प्रयागराज एवं स्टेशन-अधीक्षक आर.के.गुप्ता/सूबेदारगंज भी उपस्थित थे।


# रेलवे सुरक्षा बल की सहायता से रेलयात्री को मिला पर्स

रे.स.ब्यू./सूत्र, प्रयागराज। रेलवे सुरक्षा बल रेल परिसम्पत्ति की सुरक्षा के साथ साथ यात्रियों की सुरक्षा का दायित्व भी पूरी कुशलता के साथ निर्वहित किया जा रहा ह। इसी क्रम में दिनांक ०७/११/२०२१ को ट्रेन नंबर ०५००३,चौरी चौरा के कोच नंबर डी-२ से यात्री दीपक सिह एक पर्स रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट प्रयागराज पर लेकर आए और बताया कि यह एक महिला यात्री का पर्स है,जो भरवारी में उतर गई है। आगे यात्री ने बताया सामान ज्यादा होने के कारण व बच्चो के साथ होने के कारण शायद जल्दबाजी में महिला का पर्स छूट गया। दिनांक ०८.११.२०२१ को उक्त महिला यात्री नेहा सिंह अपने पति के साथ रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट प्रयागराज पर उपस्थित होकर सारी घटना से अवगत कराते हुए,अपने पर्स को पहचान कर,पूरा सामान देखा। अपना सामान सही सलामत मिलने पर रेलवे सुरक्षा बल के इस कार्य के लिए धन्यवाद दिया।

# आरडीएसओ द्वारा भारतीय रेलवे के संरक्षा श्रेणी के पदों हेतु कम्प्यूटरीकृत मनोवैज्ञानिक परीक्षणों का विकास

साभारः स्टेशन मास्टर, लोको पायलट, मोटरमैन और स्टेशन कंट्रोलर, मेट्रो रेलवे में ट्रेन ऑपरेटर और ग्राहक संबंध सहायक जैसे भारतीय रेलवे सुरक्षा श्रेणी के कर्मचारी, जो सीधे ट्रेन संचालन से जुड़े हैं, सुरक्षित ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने के लिए मनो-वैज्ञानिक रूप से फिट होने चाहिए। निर्णय से उत्पन्न होने वाली त्रुटियों की संभावना को समाप्त करने के लिए उचित मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य आवश्यक है जो जान और माल के नुकसान सहित गंभीर परिणाम दे सकता है। उचित मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए इन रेल कर्मियों को समय-समय पर मनोवैज्ञानिक परीक्षणों से गुजरना पड़ता है। आरडीएसओ का मनो-तकनीकी निदेशालय इन सुरक्षा श्रेणी के कर्मचारियों के लिए कई वर्षों से मनोवैज्ञानिक परीक्षण कर रहा है। पहले यह परीक्षण मैनुअल इंटरफेस के साथ पेपर पेंसिल मोड द्वारा आयोजित किया जाता था जिसे अब कम्प्यूटरीकृत परीक्षणों में बदल दिया गया है। परीक्षण प्रक्रियाओं से त्रुटियों और व्यक्तिगत पूर्वाग्रहों और पक्षपात को खत्म करने के लिए यह आवश्यक था। रेलवे बोर्ड द्वारा सभी मनोवैज्ञानिक परीक्षणों को कम्प्यूटरीकृत करने के सुझाव के बाद वर्ष २००६ में, द्रुतगति गाड़ियों के चालकों हेतु कम्प्यूटरीकृत परीक्षण का एक पूर्ण मॉड्यूल विकसित किया गया था। ११०किलोमीटर से अधिक गति से चलने वाली ट्रेनों के सभी चालक दल को हाई स्पीड ट्रेनों के सुरक्षित संचालन के लिए इस मॉड्यूल के माध्यम से मनोवैज्ञानिक परीक्षण में उपस्थित होना और पास करना आवश्यक है। कंप्यूटरीकृत परीक्षण के उपयोग के दौरान यह महसूस किया गया कि वर्तमान परिपेक्ष में दिन प्रतिदिन हो रहे सॉफ्टवेयर के विकास एवं नए मनोवैज्ञानिक परीक्षणों की जरुरत के कारण एक नए सॉफ्टवेयर प्लेटफार्म पर और परीक्षणों का विकास किया गया जिससे कि मनोवैज्ञानिक परीक्षण को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके समनोतकनीकी निदेशालय ने परीक्षण के दौरान होने वाली कमी और बाधाओं का विश्लेषण किया तथा पूर्व में हुए अनुभव के आधार पर एक नया संवर्धित कंप्यूटरीकृत मनोवैज्ञानिक परीक्षण मॉडयूल का विकास किया, पूर्व में ५ प्रकार के कंप्यूटरीकृत परीक्षण किये जाते थे जनकी संख्या २०२१ के नए मनोवैज्ञानिक परीक्षण मॉडयूल में ११ हो गई है। कार्यकारी निदेशक यातायात/मनोतकनीकी निदेशालय के कुशल नेतृत्व में मनोवैज्ञानिकों की एक समर्पित टीम विगत कुछ वर्षों से मनोवैज्ञानिक सॉफ्टवेयर के विकास में शामिल था। इसके विकास में आने वाली बाधाओं को इस टीम ने न केवल सफलतापूर्वक दूर किया बल्कि अपने अनुभव के आधार पर और इसे और अधिक उन्नत बनाया, जिससे कि इस सॉफ्टवेयर को विभिन्न विंडो प्लेटफार्म पर सफलतापूर्वक इंस्टाल कर के चलाया गयास इस कंप्यूटरीकृत मनोवैज्ञानिक परीक्षण मॉडयूल में ११ नए प्रकार के परीक्षणों का विकास किया गया है जो कि है आकृति प्रत्यक्षीकरण परीक्षण, अवधारणात्मक गति, स्मरणशक्ति, चित्र स्मृति, एकाग्रता परीक्षण, गति प्रत्यक्षीकरण परीक्षण-१, गति प्रत्यक्षीकरण परीक्षण -२, दृष्टि बोध, सतर्कता परीक्षण, डिस्ट्रिब्यूशन ऑफ अटेंशन टेस्ट एवं प्रतिक्रियाकाल परीक्षण। दिनांक १ अक्टूबर २०२१ से उन्नत कम्प्यूटरीकृत मनोवैज्ञानिक परीक्षण मॉडयूल को कार्यात्मक बनाया गया है। परीक्षण मॉडयूल को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि सॉफ्टवेयर इंजीनियर की सहायता के बिना सभी ११ परीक्षणों में समय-समय पर इसके मापदंडों, विषय वस्तु और समय सीमा को बदला जा सकता है ताकि इस परीक्षण मॉडयूल का प्रभाव कई वर्षों के बाद भी बना रह सके। विभिन्न मानकों पर विभिन्न सुरक्षा ग्रेड पदों की मनोवैज्ञानिक परीक्षा आयोजित की जा सकती है। इन सभी परीक्षणों का प्रशासन और इसका परिणाम बिना किसी मैनुअल इंटरफेस के पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत है और ये सभी परीक्षण अलग-अलग मनोवैज्ञानिक आयामों के विभिन्न मापदंडों पर व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से आयोजित करने में सक्षम हैं। परीक्षण के समाप्त होने के उपरांतअभ्यर्थियों का परिणाम इनके मूल प्राप्तांक या फिर टी स्कोर पर तुरंत प्राप्त किया जा सकता है, परीक्षाफल की संगणनापूर्णतया स्वचालित है।

# ओआईएल की मौमा दास हुंई सम्मानित




पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्तर पर अन्वेषण व उत्पादन से जुड़ी भारत की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी, ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) ने टेबल टेनिस की जानी-मानी खिलाड़ी व अपनी अधिकारी मौमा दास को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए पद्मश्री अलंकरण से सम्मानित किये जाने पर नोएडा स्थित अपने कॉरपोरेट कार्यालय में उनका सम्मान किया। मौमा दास को खेल के क्षेत्र में उनकी असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति द्वारा पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किया गया है।

ओआईएल के सीएमडी एस.सी. मिश्रा ने मौमा दास को सम्मानित किया।

इस अवसर पर ओआईएल के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे। इस अवसर पर एस. सी. मिश्रा ने सुश्री दास को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी और उनको ६ लाख रुपये का एक चेक भी प्रदान किया। सुश्री दास १६६६ से ओआईएल में कार्यरत हैं और वर्तमान में वह ओआईएल के कोलकाता स्थित कार्यालय में प्रबंधक (ओएसडी) के पद पर सेवारत हैं।

सुश्री दास को टेबल टेनिस में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए २०१३ में अर्जुन पुरस्कार भी प्रदान किया गया था। मौमा दास एक भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी हैं।

उन्होंने २००४ में एथेंस और २०१६ में रियो ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेलों, कामनवेल्थ चैंपियनशिप सहित कई अन्य राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में ५ और कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में १४ पदकों सहित १६ राष्ट्रमंडल पदक जीते हैं, जोकि किसी भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी द्वारा जीते गए सबसे ज्यादा पदक हैं। उन्होंने १६६७ से १७ वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी हिस्सा लिया है जो कि किसी भारतीय खिलाड़ी द्वारा विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का एक रिकॉर्ड है।

# रेल मंत्रालय ने किया स्पेशल ट्रेन और स्पेशल किराया खत्म



रे.स.ब्यू./सूत्र। एक अहम फैसला लेते हुए रेल मंत्रालय ने कहा है कि मेल/एक्सप्रेस स्पेशल और हॉलिडे स्पेशल ट्रेनों की सेवा अब रेगुलर ट्रेनों जैसी ही होगी। कोविड-१६ के दौरान रेगुलर मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को स्पेशल ट्रेनों के तौर पर चलााया जा रहा था।


अब इन ट्रेनों का फिर से सामान्य परिचालन बहाल करने का फैसला किया गया है। यानी मेल/एक्सप्रेस स्पेशल और हॉलिडे स्पेशल ट्रेनों की सेवा अब पहले की तरह सामान्य ट्रेनों जैसी होगी। ये ट्रेनें फिर से रेगुलर नंबर के साथ दौड़ेंगी। वहीं इसके स्पेशल किराए की जगह फिर से पुराना रेगुलर किराया लागू होगा।

रेलवे के मुताबिक, पहले से ही बुक किए गए टिकट पर न तो रेलवे किसी तरह के पैसे चार्ज करेगा और न ही रेलवे किसी तरह का रिफंड देगा। सीआरआईएस से इस संबंध में जरूरी बदलाव करने को कहा गया है।

रेल मंत्रालय की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया है कि मंत्रालय ने इस बारे में निर्देश जारी कर दिए हैं, जो अगले कुछ दिनों में लागू हो जाएंगे। इस फैसले के बाद अगले कुछ दिनों में १७०० से अधिक ट्रेनें, रेगुलर ट्रेनों के तौर पर काम करना शुरू कर देंगी। इसके साथ ही यह भी कहा गया है कि सभी ट्रेनों में कोविड-१६ से जुड़ी एहतियात और प्रतिबंध पहले की तरह लागू रहेंगे।

# सपा कर रही है पिछड़ों का अपमान-स्वतंत्रदेव

रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो चुका है। वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि सपा के नेता द्वारा मोहम्मद अली जिन्ना की तारीफ कर न केवल स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान किया जा रहा है बल्कि उनकी तुलना सरदार वल्लभ भाई पटेल से कर देश के पिछड़े समाज का भी अपमान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता इस अपमान को भूलेगा नहीं और वह विस चुनाव में सपा को सबक सिखाएगा।



स्वतंत्रदेव ने बुधवार दिनांक १०.११.२०२१ को लखनऊ में बयान जारी कर कहा कि अखिलेश भूल गए हैं कि जिन्ना ने धर्म के आधार पर दल का गठन किया और भारत का विभाजन करा दिया। अखिलेश व उनके नेताओं को विभाजन की पीड़ा का भले ही एहसास न हो, लेकिन देशवासी अभी तक उस दंश को भूले नहीं हैं। जिन्ना के नाम की माला जपने वालों का इतिहास हमेशा से समाज को जाति, धर्म और मत के आधार पर बांटने का रहा है। स्वतंत्रदेव ने कहा कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विपक्षी दलों के नेता इस तरह की बयानबाजी कर सामाजिक सौहार्द को खराब करने की साजिश रच रहे है लेकिन प्रदेश की जनता उनकी साजिश को सफल नहीं होने देगी।

**पाठकों से**

आपको यह अंक कैसा लगा? इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते है। कृपया अपने सुझावों, आलोचनाओं से अवश्य ही अवगत करायें। आपके पत्रों का हमें इंतजार रहेगा। प्रधान सम्पादक

# दारागंज रेलवे स्टेशन हो जाएगा इतिहास के पन्नों में दर्ज

रे.स.ब्यू./सूत्र। आने वाले समय में प्रयागराज का दारागंज रेलवे स्टेशन इतिहास बनकर रह जाएगा। पूर्वोत्तर रेलवे ने वर्षों पुराने इस रेलवे स्टेशन को बंद करने की कवायद शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार बनारस-प्रयागराज रामबाग रेलमार्ग के दोहरीकरण कार्य के कारण झूंसी को दारागंज से जोड़ने के लिए बनाए जा रहे गंगा पुल का निर्माण होने के बाद दारागंज स्टेशन बंद कर दिया जाएगा। बतादें कि दारागंज रेलवे स्टेशन का निर्माण ब्रिटिश हुकूमत के दौरान हुआ था। कुछ वर्षों तक इस स्टेशन की उपयोगिता काफी रही वहीं वर्ष १८६६ और १६१३ के दौरान बनारस से प्रयागराज के बीच बिछाई गई रेल लाइन के दौरान ही यह स्टेशन बनाया गया। संगम क्षेत्र के नजदीक होने की वजह से कुंभ मेले के दौरान हजारों की संख्या में यात्री यहां उतरते रहे हैं।


# उत्तर मध्य रेलवे के पहलवानों ने सीनियर नेशनल में जीते रजत पदक



रे.स.ब्यू./सूत्र। गोंडा उत्तर प्रदेश में आयोजित हो रही सीनियर नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता में उत्तर मध्य रेलवे के पहलवान रवि ने ग्रीकोरोमन शैली के ६७ किलो ग्राम भारवर्ग मे और विकास ने ग्रीकोरोमन शैली के ६० किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक जीतकर कर उत्तर मध्य रेलवे को गौरवान्वित किया है। रवि एवं विकास दोनों उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल में वाणिज्य विभाग में कार्यरत हैं। इनकी इस उपलब्धि पर उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के अध्यक्ष शरद मेहता ने रवि एवं विकास को इस उपलब्धि पर बधाई दी। इसी क्रम में उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के सचिव नितिन गर्ग ने भी रवि एवं विकास सहित पूरी टीम को बधाई दी और आगे की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं तथा आशा व्यक्त की कि, भविष्य में भी रवि एवं विकास और सभी अन्य खिलाड़ी इसी प्रकार उत्तर मध्य रेलवे और राष्ट्र के लिए इसी प्रकार उपलब्धि अर्जित करते रहेंगे।

उत्तर मध्य रेलवे के कुश्ती कोच संदीप दहिया ने भी अपने खिलाड़ियो की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने १३० किलोग्राम भारवर्ग में चौथा स्थान प्राप्त करने वाले आर्यन पवार का भी उत्साह वर्धन किया। ज्ञात हो कि इन मेडल के साथ ही इन दोनो खिलाड़ियों ने ३ से ५ दिसंबर २०२१ को साउथ अफ्रीका मे होने वाली कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है और वहां ये राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# केरल में एक और वायरस ने दी दस्तक



रे.स.ब्यूरो./संवा। कोरोना महामारी का कहर केरल में अभी थमा भी नहीं कि एक और वायरस का खतरा मंडराने लगा है। वायनाड जिले में नोरोवायरस का मामला सामने आया है। यह पशु जनित बीमारी दूषित पानी और भोजन के जरिए फैलने वाली जिसको लेकर सरकार ने अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं।

स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने शुक्रवार दिनांक १२.११.२०२१ को इसे लेकर दिशानिर्देश जारी किए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने बीमारी से बचाव को लेकर गतिविधियों को तेज करने और इसके बारे में जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए। उन्होंने एक आदेश जारी कर लोगों से सतर्क रहने को कहा है। जिसको लेकर वीना जॉर्ज की अध्यक्षता में एक बैठक वायनाड में की गई।

उन्होंने कहा कि फिलहाल चिंता की कोई बात नहीं है, लेकिन सतर्क रहना जरूरी है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उचित रोकथाम और उपचार से इस बीमारी को काबू किया जा सकता है। इसलिए सभी को इस बीमारी और इससे बचाव के उपायों के बारे में पता होना चाहिए।

नोरोवायरस वायरस का एक समूह है, जो पेट संबंधी बीमारी का कारण बनता है। इसकी चपेट में आए व्यक्ति को उल्टी और दस्त होता है। नोरोवायरस स्वस्थ लोगों पर ज्यादा असर नहीं छोड़ता है, लेकिन यह छोटे बच्चों, बुजुर्गों और अन्य किसी अन्य रोग से पीड़ित लोगों में गंभीर हो सकता है।

# रश्मिका राय ने बीए एलएलबी में स्वर्ण पदक हासिल कर बढ़ाया मान

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) से बीए एलएलबी (पांच वर्षीय पाठ्यक्रम) में स्वर्ण पदक हासिल कर गोरखपुर शहर की रश्मिका राय ने जिले का मान बढ़ाया है। रश्मिका को जस्टिस सुधीर नारायण और एसपी गुप्ता स्मृति पदक हासिल हुआ है। बतादें कि रश्मिका पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री विनोद राय की बेटी हैं। उन्होंने कक्षा १२वीं तक की पढ़ाई आरपीएम एकेडमी से की है और रश्मिका की मां गृहिणी हैं। बड़े भाई अभिनव राय नोएडा में एक कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। छोटी बहन अल्पना सिंगापुर में माइक्रोन कंपनी में इंजीनियर हैं। रश्मिका का कहना है कि वह न्यायिक परीक्षा उत्तीर्ण कर जज बनना चाहती हैं। इस उपलब्धि पर पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

# सामान्य निर्वाचन-२०२२ की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। विधानसभा सामान्य निर्वाचन- २०२२ की तैयारियों के सम्बंध में जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार खत्री ने नोडल अधिकारियों तथा सहायक नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में संजय कुमार खत्री ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवंटित कार्यों की कार्य योजना के साथ क्रियान्वित किये जाने का निर्देश दिये और उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग से प्राप्त होने वाले दिशा-निर्देशों का बारीकी से अध्ययन करते हुए उसके अनुसार कार्रवाई किये जाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जितनी बारीकी से कार्यों की जानकारी होगी, उतनी ही सहजता के साथ निर्वाचन कार्य को सम्पन्न कर पायेंगे।

जिलाधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी को मतदेय स्थलों पर पाये जाने वाली कमियों को ठीक कराये जाने हेतु कार्रवाई किये जाने के लिए कहा है। उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों को कार्य योजना के अनुसार कार्य किये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी नानक सरन सहित सभी नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# अब ज्योतिर्लिंग दर्शन के लिए भी चलेगी ट्रेन



रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन (आईआरसीटीसी) द्वारा भारत दर्शन ट्रेनों के संचालन के लिए प्रयागराज को हब के रूप में विकसित करने की तैयारी शुरू की गई है। वहीं आने वाले समय में ज्योतिर्लिंग स्पेशल आदि ट्रेनों का संचालन भी प्रयागराज से ही किया जाएगा। बतादें कि पिछले माह यहां २१ अक्तूबर को पहली बार प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन से ज्योतिर्लिंग स्पेशल ट्रेन चलाई गई थी। इस माह दक्षिण भारत दर्शन यात्रा ट्रेन २७ नवंबर से संचालित की जा रही है। इसके बाद दिसंबर में ज्योतिर्लिंग स्पेशल ट्रेन भी प्रयागराज से ही चलाई जाएगी। आईआरसीटीसी के अधिकारियों का मानना है कि प्रयागराज सांस्कृतिक, धार्मिक आदि मायनों में यूपी का महत्वपूर्ण शहर है। इसी कड़ी में अब २७ नवंबर से दक्षिण भारत दर्शन यात्रा ट्रेन का संचालन सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन प्रयागराज से किया जा रहा है।

# मण्डलायुक्त ने आरसी की वसूली सुनिश्चित किये जाने के दिए निर्देश




साभारः मण्डलायुक्त संजय गोयल की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय के गांधी सभागार में कर करेत्तर एवं राजस्व वसूली के साथ-साथ विकास प्राथमिकता के कार्यों की प्रगति के सम्बंध में मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने कर-करेत्तर से सम्बंधित विभागों के राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए वाणिज्य कर विभाग, आबकारी, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, परिवहन, विद्युत विभाग, खनन विभाग, वन विभाग, मण्डी समिति सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को प्रवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाते हुए लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया है। आबकारी विभाग की राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने फतेहपुर एवं प्रतापगढ़ की वसूली कम पाये जाने पर वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिये। परिवहन विभाग के राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने १५ दिन का विशेष अभियान चलाकर आरसी की वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बाट माप विभाग को सक्रियता के साथ घटतौली पर रोक लगाने व छापे के दौरान घटतौली करते पकड़े जाने पर जुर्माना वसूलने की लगातार कार्यवाही करते रहने के लिए कहा है साथ ही विशेष अभियान चलाकर पेट्रोल पम्पों में घटतौली की शिकायत की जांच करने के निर्देश दिये है।

# स्पेशल ट्रेनें और अतिरिक्त कोच से सफर होगा आसान

रे.स.ब्यू./सूत्र। छठ पूजा के बाद वापसी करने वाले यात्रियों की भीड़ स्टेशन पर उमड़ने लगी है। कन्फर्म टिकटों की मारामारी से न जूझना पड़े, इसके लिए रेलवे प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं। रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी के अनुसार ट्रेन (०१२३५/३६) लोकमान्य तिलक गोरखपुर लोकमान्य तिलक के बीच अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे। एलटीटी गोरखपुर एक्सप्रेस (०१२३५) में १६ व २३ नवंबर को तथा गोरखपुर एलटीटी एक्सप्रेस (०१२३६) में १८ व २५ नवंबर को फर्स्ट एसी का एक, सेकंड एसी के चार, थर्ड एसी के १२ सहित कुल २० कोच लगाए जाएंगे।

# डीएलडब्ल्यू ओबीसी रेल कर्मचारी कल्याण एसोसिएशन के अध्यक्ष बने रामनारायण

रे.स.ब्यू./सूत्र. वाराणसी। डीएलडब्ल्यू अन्य पिछड़ी जाति रेल कर्मचारी कल्याण एसोसिएशन की द्विवार्षिक चुनाव में शुक्रवार दिनांक १२.११.२०२१ को अध्यक्ष रामनारायण और कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव चुने गए। १४ पदों के लिए हुए एसोसिएशन के चुनाव में पांच पदाधिकारी पहली बार निर्वाचित हुए हैं। चुनाव अधिकारी आरके चौधरी के अनुसार उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप, महामंत्री हरि शंकर यादव, कोषाध्यक्ष रामजी प्रसाद, संगठन मंत्री विवेक, प्रचार मंत्री रमेश कुमार प्रजापति, मंत्री लोको सूर्य नाथ प्रसाद, मंत्री इंजन राज कुमार साव, मंत्री भंडार सुरेश पाल, मंत्री प्लांट राकेश कुमार सिंह, मंत्री लेखा अंकित शर्मा, सह मंत्री अजय कुमार व ऑडिटर रतन प्रभाकर चुने गए। चुनाव पर्यवेक्षक राम अरख यादव, पूर्व संयुक्त सचिव रामायण सिंह यादव, प्रदीप यादव, आलोक वर्मा, राजेंद्र पाल, विक्रम शर्मा, सरदार सिंह, महेश ठाकुर, सरोज कुमार सिंह, एपी सिंह आदि रहे।

# कोर प्रयागराज ने अर्जित किया एक और उपलब्धि




साभार, कोरः भारत सरकार द्वारा ब्रॉड गेज रूटों का शत प्रतिशत विद्युतीकरण के लक्ष्य को मिशन मोड में आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज की अहमदाबाद परियोजना ने सुरेन्द्र नगर से मुली रोड (२२ RKM) एवं वीरमगाम से जटपिपली (३७ RKM) का विद्युतीकरण कार्य पूर्ण करने के उपरान्त दिनांक १२.११.२०२१ को सीआरएस निरीक्षण का कार्य सफलता पूर्वक पूर्ण कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल किया है। अहमदाबाद-वीरमगाम-सुरेंद्रनगर-राजकोट (२२२.८ RKM) का विद्युतीकरण का कार्य प्रगति पर है। यह खण्ड राजकोट और गुजरात के पश्चिमी बंदरगाहों एवं अन्य कार्गो लोडिंग साइटों को जोड़ेगा। इस खण्ड के १२७ RKM का कार्य पूर्व में ही पूर्ण कर लिया गया है। सुरेन्द्र नगर से मुली रोड (२२ RKM) का विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कर दिनांक १२.११.२०२१ को सीआरएस निरीक्षण का कार्य सफलता पूर्वक पूर्ण किया गया एवं शेष बचे हुए विद्युतीकरण कार्य जनवरी २०२२ तक पूर्ण कर लिया जाएगा। मेहसाना-वीरमगाम-समख्याली (१८० RKM) के ६६.८१ RKM का कार्य पूर्व में ही पूर्ण कर लिया गया था। इसी खण्ड के वीरमगाम से जटपिपली खण्ड ३७ RKM के विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण करने के उपरान्त सीआरएस निरीक्षण किया गया बाकी बचे हुए कार्य को मार्च २०२२ तक पूर्ण कर लिया जाएगा। स्वच्छ पर्यावरण के लिए संकल्पित शून्य कार्बन उत्सर्जन के साथ भारतीय रेल को हरित रेल बनाने की राह पर केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज, अहम भूमिका निभा रहा है। कोर के महाप्रबन्धक यशपाल सिंह, ने अहमदाबाद परियोजना की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि कोर के सभी प्रोजेक्ट भारतवर्ष के सभी ब्रॉडगेज रेल-मार्गो को २०२३ तक पूर्ण रूप से विद्युतीकृत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# महिलाओं का डिब्बा

- राजेश शर्मा

थी कड़ाके की सर्दी और अन्धेरा गहरा,
आने को थी गाड़ी अब समय रहा था थोड़ा।
उस जहां जुटी थीं महिलाएं..
आना था जहां महिलाओं का डिब्बा।
मनचले घूमते इधर-उधर, था नहीं कोई पहरा,
इतने में हुई उद्घोषणा....।

''यात्रीगण कृपया ध्यान दें, दिल्ली से चलकर पानीपत को
जाने वाली २ एसएनपी सवारी गाड़ी प्लेटफार्म नं. एक पर
आ रही है। तकनीकी कारणों से आज महिलाओं के लिए
आरक्षित डिब्बा नहीं लगाया जा सका हैं असुविधा के
लिए हमें खेद है।''

सुनकर ये उद्घोषणा गूंज उठा माहौल,
कहीं पे सीटी, कहीं पे भगदड़, और कहीं पर रोष्ज्ञ।
गुस्से में आ गई महिलाएं..
नहीं सका कोई उनको रोक।
दांत भींच के चेन खींच के दी एसएनपी रोक,

नहीं चलेगी गाड़ी कहतीं, चाहे कुछ हो जाए,
पहले इक डिब्बे को महिला डिब्बा बनाया जाए।
महिला शक्ति दिखा रही थी अपना रंग,
प्लेटफार्म मानो बन गया कोई मैदान-ए-जंग।

माहौल बिगड़ता देखकर, स्टेशन अधीक्षक ने
आदेश पारित करवाया और एक साधरण डिब्बे को
महिला डिब्बा बनवाया।

## सीईओ एवं चेयरमैन, रेलवे बोर्ड ने हबीबगंज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण




रे.स.ब्यू./सूत्र। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में भारतीय रेल का विश्व स्तरीय पुनः विकसित नवीनीकृत हबीबगंज रेलवे स्टेशन तैयार है। इसी कड़ी में दिनांक ०८.११.२०२१ को सीईओ एवं चेयरमैन, रेलवे बोर्ड सुनीत शर्मा द्वारा हबीबगंज रेलवे स्टेशन के विकास योजना के तहत किये गए निर्माण एवं विकास कार्यो तथा स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबन्धक सुधीर कुमार गुप्ता, मण्डल रेल प्रबन्धक सौरभ बंदोपाध्याय, मुख्यालय जबलपुर के प्रमुख विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सुनीत शर्मा ने स्टेशन के मुख्य भवन, सर्कुलेटिंग एरिया, कवर ओवर प्लेटफॉर्म, लाइटिंग व्यवस्था एवं अन्य यात्री सुविधाओं की दिशा में किये गए कार्यों का गहन निरीक्षण कर महाप्रबन्धक से चर्चा की। इसके साथ ही रात्रि के समय नवीनीकृत हबीबगंज रेलवे स्टेशन बिल्डिंग को तिरंगे जैसी रंगबिरंगी लाइटिंग से सजाया गया। भूमिगत मार्ग के निरीक्षण के दौरान शर्मा ने फायर सिस्टम, सीसीटीवी, ड्रेनेज सिस्टम आदि का जायजा लिया। इसके अलावा विशेषकर महिला प्रतीक्षालय का निरीक्षण कर उसकी सुविधाओं पर चर्चा कर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये।

## दुर्ग-हटिया के बीच पूजा स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार



रे.स.ब्यू./सूत्र। बिलासपुर रेल यात्रियो की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुये रेल प्रशासन के द्वारा के लिए दुर्ग-हटिया-दुर्ग के मध्य चल रही ०८१८५ / ०८१८६ हटिया-दुर्ग-हटिया द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट पूजा स्पेशल के परिचालन में विस्तार किया गया। यह गाड़ी दुर्ग से हटिया के लिये प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को दिनांक ०५ नवम्बर, २०२१ तक ०८१८६ नंबर के साथ चल रही थी जिसका विस्तार दिनांक ३० दिसम्बर, २०२१ तक किया गया है। इसी प्रकार विपरीत दिशा मे भी यह ट्रेन हटिया से दुर्ग के लिए प्रत्येक मंगलवार एवं गुरुवार को दिनांक ०४ नवम्बर, २०२१ तक ०८१८५ नंबर के साथ चल रही थी जिसका विस्तार दिनांक ३१ दिसम्बर, २०२१ तक किया गया है।

## ३६वीं इंदिरा मैराथन १६नवंबर से प्रारंभ



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जन्मतिथि पर १६ नवंबर को ३६वीं अखिल भारतीय प्राइजमनी इंदिरा मैराथन का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ १६ नवंबर को आनंद भवन से सुबह छह बजे से होगा और समापन मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में होगा।

## ट्रेन में गूंजी किलकारी



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे में दिनांक ०८.११.२०२१ को सायंकाल गा.सँ. ०५६५५ में यात्रा कर रही कूच बिहार की निवासी मामुनि निशां को अचानक प्रसव पीड़ा हुई जिसकी सूचना ट्रेन कंडक्टर ने नियंत्रण कक्ष को दी। गाड़ी के १६:१० पर प्रयागराज आगमन पर डा.,आशीष अग्रवाल ने प्रसव प्रक्रिया पूर्ण कराई और बताया कि माँ और नवजात शिशु पूर्णतः स्वस्थ्य हैं। ये ट्रेन के एस -१ कोच के ७३-७८ बर्थ पर परिवार के साथ नलबारी से दिल्ली की यात्रा कर रही थी। परिवार की मांग पर और जच्चा बच्चा दोनो को स्वस्थ देखते हुए उनको आगे की यात्रा की अनुमति प्रदान की गई। महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रमोद कुमार नवजात शिशु और उसके परिवार को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किं।



रेल समाचार ब्यूरो के प्रधान संपादक एवं उत्तर मध्य रेलवे के रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति उमरे के सदस्य ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रमोद कुमार को रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका का अवलोकन कराते हुए।

### पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षो की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशि:
१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो कैंप कार्यालय-८४३६ आर्य नगर पहाड़गंज दिल्ली-५५

समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. 329/255, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 502 पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-211003 से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.51097-90 पोस्ट ए.डी.-8
मो. 9793956044,9935224867
फोन नं.-0532-2418040

## उत्तर मध्य रेलवे में ०६वीं जेड.आर.यू.सी.सी. की प्रथम बैठक (दूसरा चरण) हुई सम्पन्न



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में ज़ोन की ०६वीं क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता एवं परामर्शदात्री समिति की प्रथम बैठक दिनांक १५.११.२०२१ को के दूसरे चरण का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस बैठक में आगरा एवं झांसी मण्डलों के क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता एवं परामर्शदात्री समिति के २० सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने कहा कि, "कोविड-१६ वैश्विक महामारी से सम्पूर्ण विश्व ग्रसित था पर इस त्रासदी में भी उत्तर मध्य रेलवे द्वारा केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के कोविड गाइड लाइन का पालन करते हुये रेल कर्मचारियो द्वारा अपनी जान की परवाह न करते हुए भी रेल यात्रियो को यथा संभव सुविधाए प्रदान की गई। इस बैठक में राजकुमार भागीरथ/आगरा, महेश गर्ग/आगरा,नवल सिंह परमार/आगरा, नवल किशोर सैनी/गोविन्दगढ़, मो. यूसुफ/आगरा, डॉ. सुशील गुप्ता /भिण्ड, कुंज बिहारी/मथुरा, देबूलाल शाह/मथुरा, महेन्द्र जाटव/भरतपुर, डॉ. सुनील सिंह परिहार/झांसी,संजय वाल्मी कि/पलवल, सूर्यकान्ता शर्मा/आगरा, विजय बहादुर सिंह/बांदा, डॉ. कमलेश कुमार सक्सेना/महोबा, सुश्री यशी मिश्रा/नई दिल्ली,जुबेद-उर्र-रहमान खान/नई दिल्ली, बृज किशोर सिंह/बांदा ने उत्तर मध्य रेलवे का आभार व्यक्त किया तथा यात्री सुविधाओं के विस्तार, गाड़ियों के ठहराव, एफओबी का निर्माण, दोहरीकरण कार्यों की शीघ्रता, दिव्यांगजनों हेतु गाड़ियों में अलग से पूरा कोच जोड़ने, महिला यात्रियों को विशेष सुरक्षा सहायता आदि की मांगें रखी गईं। बैठक के प्रारंभ में सभी सदस्यों का स्वागत उप महाप्रबंधक/सामान्य मन्नू प्रकाश दूबे एवं अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एम एन ओझा ने किया।